भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**राज्यसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 740**
**24.07.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**काकीनाडा सहित आंध्र प्रदेश में ईवी चार्जिंग अवसंरचना**

740 **श्री साना सतीश बाबू:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) वर्ष 2022 से काकीनाडा सहित आंध्र प्रदेश में संस्थापित किए गए सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की वर्ष-वार और जिला-वार संख्या कितनी है;
(ख) आंध्र प्रदेश में ऐसी संस्थापनाओं के लिए शहरों, राजमार्गों और शहरी केंद्रों को चुनने और उन्हें प्राथमिकता देने के लिए अपनाए गए मापदंड क्या हैं;
(ग) आंध्र प्रदेश, विशेषकर काकीनाडा, में इन पहलों से प्राप्त परिणाम और इलेक्ट्रिक गतिशीलता को बढ़ावा देने के संबंध में इनका प्रभाव क्या है; और
(घ) काकीनाडा में इन चार्जिंग स्टेशनों के उपयोग, प्रचालन क्षमता, अपटाइम और रखरखाव की निगरानी के लिए क्या तंत्र है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क), (ख) एवं (घ):** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के पोर्टल से दिनांक 31.03.2026 तक प्राप्त सूचनानुसार, आंध्र प्रदेश राज्य, जिसमें काकीनाडा जिला भी सम्मिलित है, में संस्थापित ईवी चार्जिंग स्टेशनों का जिला-वार विवरण संलग्नक-I में दिया गया है।

ईवीपीसीएस की संस्थापना हेतु स्थान का निर्धारण संबंधित चार्जर स्थापित करने वाले व्यक्ति/संगठन द्वारा किया जाता है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा विद्युत वाहन चार्जिंग अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने तथा चार्जिंग स्टेशनों के उपयोग, प्रचालन दक्षता, अपटाइम एवं अनुरक्षण की निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "विद्युत वाहन चार्जिंग अवसंरचना की स्थापना एवं संचालन संबंधी दिशा-निर्देश, 2024" दिनांक 17.09.2024 को जारी किए गए हैं। उक्त दिशा-निर्देश अखिल

भारतीय स्तर पर लागू हैं तथा आंध्र प्रदेश राज्य एवं काकीनाडा जिले में भी समान रूप से लागू हैं।

**(ग):** बीएचईएल से प्राप्त सूचनानुसार, दिनांक 31.03.2026 के अनुसार काकीनाडा जिले में कुल 74 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित है। इसके अतिरिक्त, फेम-II स्कीम के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में कुल 60,962 ईवी का विक्रय हुआ है, जिनमें से 7,333 ईवी का विक्रय पूर्वी गोदावरी जिले में हुआ, जिसमें ऐतिहासिक रूप से काकीनाडा जिला सम्मिलित था। इसी प्रकार, पीएम ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत दिनांक 01.04.2024 से 21.07.2026 की अवधि के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में कुल 1,33,009 ईवी का विक्रय हुआ है, जिनमें से 14,965 ईवी का विक्रय पूर्वी गोदावरी जिले (जिसमें ऐतिहासिक रूप से काकीनाडा जिला सम्मिलित था) में हुआ है।

*****

**संलग्नक-I**

**दिनांक 31.03.2026 की स्थिति के अनुसार आंध्र प्रदेश राज्य (काकीनाडा जिले सहित) में स्थापित जिला-वार ईवी चार्जिंग स्टेशनों का विवरण निम्नानुसार है:**

(संख्या)

| क्र.सं. | जिला | स्टेशनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू जिला | 15 |
| 2 | अनकापल्ली | 58 |
| 3 | अनंतपुरम | 87 |
| 4 | अन्नमय्या जिला | 49 |
| 5 | बापटला | 51 |
| 6 | चित्तूर | 233 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 85 |
| 8 | एलुरु | 78 |
| 9 | गुंटूर | 91 |
| **10** | **काकीनाडा** | **74** |
| 11 | कोनासीमा | 36 |
| 12 | कृष्णा | 93 |
| 13 | कुरनूल | 79 |
| 14 | मान्यम जिला | 10 |
| 15 | नंद्याल | 53 |
| 16 | एन.टी.आर. जिला | 139 |
| 17 | पलनाडु | 74 |
| 18 | प्रकाशम | 90 |
| 19 | एस.पी.एस. नेल्लोर | 121 |
| 20 | श्री सत्यसाई जिला | 42 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 52 |
| 22 | विशाखापत्तनम | 169 |
| 23 | विजयनगरम | 68 |
| 24 | पश्चिम गोदावरी | 63 |
| 25 | वाई.एस.आर. कडप्पा | 66 |
| | **कुल** | **1976** |

**स्रोत: बीएचईएल पोर्टल**